शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादक : संजय बघेल

सोमवार 16 फरवरी 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in ● वर्ष : 10 ● अंक : 291 ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 5.00 रुपए

www.facebook.com/rashtrabaan www.twitter.com/rashtrabaan




@ PG 2

## न्यूज ब्रीफ

### मंड्या में केमिकल फैक्ट्री के टैंक में धमाका; दो की मौत

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मंड्या तालुका में रविवार को एक केमिकल फैक्ट्री में बड़ा हादसा हो गया। किरती केमिकल्स इंडस्ट्रीज में केमिकल स्टोरेज टैंक फट गया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। हादसा करेकटे गांव के पास हुआ। टैंक का कैप गैस कटर से खोला जा रहा था। तभी अचानक धमाका हो गया। घायलों को मंड्या के एमआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जम्मू-कश्मीर में 8000 से ज्यादा म्यूल अकाउंट्स फ्रीज किए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों ने फर्जी खातों (म्यूल अकाउंट्स) का बड़ा नेटवर्क पकड़ा है। इन खातों का इस्तेमाल आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग के लिए होता था। एजेंसी ने तीन साल में 8000 से ज्यादा ऐसे अकाउंट्स फ्रीज किए हैं। इन खातों से मनी लॉन्ड्रिंग और फाइनेंशियल फ्रॉड भी होता था। ये अकाउंट अक्सर अनजान लोगों के होते हैं, जिन्हें आसान कमीशन और कम से कम रिस्क का भरोसा देकर लालच दिया जाता था।

### महाराष्ट्र में एटीएस की 21 लोकेशन पर छापेमारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र एंटी टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) ने राज्य में बड़े पैमाने पर ऑपरेशन चलाया है। मुंबई एटीएस ने सुबह से यवतमाल जिले के पुसद और उमरखेड़ में 14 जगहों और अहिल्यानगर (अहमदनगर) में 7 जगहों सर्च ऑपरेशन शुरू किया। एटीएस को खुफिया जानकारी मिली थी कि कुछ युवाओं को आतंकी संगठनों से संपर्क करके एक्टिव करने की कोशिश हो रही है।

### लोकसभा स्पीकर को हटाने वोटिंग 9 मार्च को होगी- रिजिजू

**नईदिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के खिलाफ विपक्ष के नो-कॉन्फिडेंस मोशन पर बहस और वोटिंग 9 मार्च को होगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को यह जानकारी दी।

राष्ट्रबाण
अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए
सिर्फ 100 रुपए महीना
संपर्क : 7000427433

# महाशिवरात्रि

## 11 लाख नोटों से सजा रतलाम का गढ़ कैलाश मंदिर, महाकाल मंदिर में अब तक 4 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन किए



भोपाल | एजेंसी
rashtrabaan.in

**महाशिवरात्रि** पर्व पर उज्जैन में अब तक तक 4 लाख से ज्यादा श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन कर चुके हैं। रविवार होने के कारण भीड़ तेजी से बढ़ रही है। होटल, लॉज और होम-स्टे पहले ही फुल हो चुके हैं। आज 10 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। मध्य रात्रि 2:30 बजे मंदिर के पट खोले गए। प्रथम घंटाल बजाकर मंदिर में प्रवेश किया गया। मंत्रोच्चार के साथ गर्भगृह में स्थापित सभी प्रतिमाओं का पूजन कर हरिओम का जल अर्पित हुआ। कपूर आरती के बाद पंडे-पुजारियों ने जलाभिषेक किया। फिर दूध, दही, घी, शकर और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया।

महाकाल को भांग, चंदन और त्रिपुंड अर्पित कर राजा स्वरूप शृंगार किया गया। इसके बाद ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्म रमाई गई। शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुंडमाल और रुद्राक्ष की माला के साथ-साथ मोगरे और गुलाब से बनी फूलों की माला अर्पित की गई।

तड़के हुई भस्म आरती में प्रवेश पासधारी श्रद्धालुओं के साथ-साथ चलित भस्म आरती के दर्शन भी कराए गए। महाकाल मंदिर समिति का दावा है कि पर्व के दौरान औसतन 40 मिनट में दर्शन कराए जा रहे हैं।

परंपरा के अनुसार महाकाल को दिनभर जल अर्पित किया जाएगा। चार पहर की पूजा के चलते मंदिर रात भर खुला रहेगा। 16 फरवरी की रात शयन आरती के बाद करीब 10:45 बजे मंदिर के पट बंद होंगे, यानी करीब 44 घंटे लगातार महाकाल के दर्शन होंगे।



### डेढ़ लाख श्रद्धालु पहुंचे भोजपुर, केंद्रीय मंत्री शिवराज ने की पूजा

महाशिवरात्रि पर भोजपुर स्थित भोजेश्वर शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव के अनुसार सुबह 3:30 बजे से ही दर्शन के लिए लंबी कतारें लग गई थीं और शाम 4 बजे तक करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। श्रद्धालुओं के लिए छांव और कालीन की व्यवस्था होने से धूप के बावजूद दर्शन सुगमता से हुए। शाम 5:30 बजे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की।

### 10 रुपए के सिक्कों से आकर्षक तोरण बनाए

वहीं रतलाम के अति प्राचीन श्री गढ़ कैलाश महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का अनोखा श्रृंगार किया गया। लगातार दूसरी बार मंदिर के गर्भगृह को 11 लाख रुपए के नोटों से सजाया गया है। 10-10 रुपए के सिक्कों से आकर्षक तोरण बनाए गए हैं, वहीं 10 से लेकर 500 रुपए तक के नोटों से महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया।

# मोदी बोले-यह बजट मजबूरी नहीं, 'हम तैयार हैं' वाला पल

## कहा- 38 देशों से एफटीए पर बातचीत जारी, राजनीतिक स्थिरता से निवेशकों का भरोसा बढ़ा



नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि इस साल का बजट देश के विकसित भारत बनने के लक्ष्य को दिखाता है। उन्होंने कहा कि यह बजट किसी मजबूरी में लिया गया फैसला या 'अभी नहीं तो कभी नहीं' जैसा पल नहीं, बल्कि 'हम तैयार हैं' वाला पल है, जो तैयारी और आत्मविश्वास से पैदा हुआ है।

उन्होंने कहा कि आर्थिक ताकत और स्थिर नीतियों से भारत बेहतर शर्तों पर समझौते कर पा रहा है। भारत 38 देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर काम कर रहा है। एफटीए का मकसद टेक्सटाइल, लेदर और अन्य सेक्टर्स के एमएसएमईएस को नए बाजार और निर्यात के अवसर देना है।

न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए इंटरव्यू में मोदी ने यूपीए के समय के आर्थिक मिसमैनेजमेंट की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यूपीए राज में बातचीत शुरू होती थी और फिर टूट जाती थी। लंबी बातचीत के बावजूद कोई खास नतीजा नहीं निकला। एफवाय26-27 के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपए का कैपेक्स 2013 के लेवल से पांच गुना ज्यादा है।

### इंटरव्यू की खास बातें

- सरकार देश की डिफेंस फोर्सेज को मजबूत बनाने के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करेगी। डिफेंस बजट में बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण सरकार की जिम्मेदारी है।
- सुधार सरकार का कमिटमेंट है, जिसे उसने पूरी तरह से दिखाया है। आर्थिक बदलाव के अगले फेज के लिए प्राइवेट सेक्टर बहुत जरूरी है। प्राइवेट सेक्टर को मार्जिन बचाने पर कम ध्यान देना चाहिए और ऋष सप्लाई चेन, क्वालिटी में तेजी से इन्वेस्ट करना चाहिए।
- विकसित भारत की अगली छलांग प्राइवेट सेक्टर द्वारा इनोवेशन, लॉन्ग-टर्म कैपेसिटी, ग्लोबल कॉम्पिटिटिवनेस में बड़े इन्वेस्टमेंट पर निर्भर करेगी। जैसे-जैसे प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी, प्राइवेट सेक्टर के मालिकों को अपने फायदे वर्कर्स के साथ सही तरीके से शेयर करने चाहिए।
- भारत दुनिया में एक डिजिटल लीडर है, जो यूपीए प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों के लेन-देन के तरीके में बड़े सुधारों से मुमकिन हुआ है। डेटा सेंटर हमारे युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर जॉब क्रिएटर होंगे। हम पूरी दुनिया का डेटा भारत में आने के लिए बुलाते हैं। भारत कंप्यूटिंग पावर और डेटा सेंटर इंफ्रा कैपेसिटी को बढ़ाकर एक बढ़ते एआई इकोसिस्टम की नींव रख रहा है। जबकि रिफॉर्म एक्सप्रेस ने बहुत बड़ी तरक्की की है। अगले दशक के लिए स्ट्रक्चरल रिफॉर्म, डीप इनोवेशन और आसान गवर्नेंस तीन रिफॉर्म प्रायोरिटी हैं।

# 22 अप्रैल को खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

## महाशिवरात्रि पर उखीमठ में तिथि घोषित, 2025 के मुकाबले 10 दिन पहले शुरू होगी यात्रा

देहरादून | एजेंसी
rashtrabaan.in

**उत्तराखंड** के रुद्रप्रयाग में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट इस साल 22 अप्रैल को सुबह 8 बजे खुलेंगे। महाशिवरात्रि के अवसर पर पंचकेदार गद्दी स्थल उखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में वैदिक विधि-विधान और पंचांग गणना के बाद शुभ मुहूर्त की औपचारिक घोषणा की गई। इस वर्ष कपाट वृष लग्न में खुलेंगे, जिसे धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ माना जाता है।

इस साल केदारनाथ यात्रा पिछले साल की तुलना में पहले



शुरू हो रही है। 2025 में धाम के कपाट 2 मई को खुले थे, जबकि इस बार 22 अप्रैल को खुलेंगे। यानी श्रद्धालु इस बार 10 दिन पहले बाबा केदार के दर्शन कर सकेंगे।

तिथि घोषित होते ही शासन-प्रशासन और बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने यात्रा तैयारियों को तेज कर दिया है। पैदल मार्ग से बर्फ हटाने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और यात्रियों के लिए सुविधाएं दुरुस्त करने का काम युद्धस्तर पर जारी है।

# ओवैसी बोले-वंदे मातरम वफादारी का टेस्ट ना बने

## आरएसएस-बीजेपी भारत को धार्मिक देश बनाना चाहते हैं, संविधान भारत माता की जय से शुरू नहीं होता

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मजलिस- ए- इत्तेहाद- उल-मुस्लिमीन चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि वंदे मातरम गाना और इसको सम्मान देना देश से वफादारी का टेस्ट ना माना जाए। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत को एक धार्मिक देश बनाना चाहते हैं।

न्यूज एजेंसी को शुक्रवार को दिए इंटरव्यू में ओवैसी ने कहा कि संविधान 'हम लोग' से शुरू होता है, 'भारत माता की जय' जैसे नारों से नहीं। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 25 धर्म की आजादी के बुनियादी अधिकार की गारंटी देता है।

# राहुल बोले-ट्रेड डील में किसानों के साथ धोखा हो रहा :पीएम मोदी से सवाल किए

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**लोकसभा** में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से पांच सवाल किए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस डील के नाम पर भारतीय किसानों के साथ विश्वासघात हो रहा है। गांधी ने कहा कि यह मुद्दा देश की कृषि के भविष्य से जुड़ा है।

उन्होंने पीएम मोदी से सवाल करते हुए लिखा कि किसानों को जवाब तो मिलने ही चाहिए। यह सिर्फ आज की बात नहीं है। ये भविष्य की भी बात है। क्या हम किसी दूसरे देश को भारत की कृषि उद्योग पर लंबे समय की पकड़



बनाने दे रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट 5 सवाल किए-

ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स (डीडीजी) इम्पोर्ट करने का क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय जानवरों को जीएम अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिलर अनाज (चारा) खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे डेयरी प्रोडक्ट प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे?

अगर हम जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा? वे एक और कीमतों का झटका कैसे झेल पाएंगे?

जब आप अतिरिक्त उत्पाद कहते हैं, तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने के दबाव का संकेत है?

### शाह बोले- राहुल ट्रेड डील पर झूठ फैला रहे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गांधीनगर में राहुल पर आरोप लगाया कि वे यूएस, यूके और ईयू के साथ भारत की ट्रेड डील को लेकर झूठ फैला रहे हैं और किसानों को गुमराह कर रहे हैं। शाह ने यह भी कहा कि राहुल कोई भी प्लेटफॉर्म चुन लीजिए। बीजेपी युवा मोर्चा के प्रेसिडेंट भी आकर आपसे इस बात पर बहस कर सकते हैं कि किसने किसानों को नुकसान पहुंचाया है और किसने उनकी भलाई के लिए काम किया है।

# महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख बोले- टीपू सुल्तान शिवाजी महाराज के बराबर

## बीजेपी बोली- सपकाल पागल हो चुके हैं; पुणे में पूर्व विधायक के पोस्टर जलाए, एफआईआर

बुलढाणा | एजेंसी
rashtrabaan.in

**महाराष्ट्र** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के छत्रपति शिवाजी महाराज की तुलना टीपू सुल्तान से करने पर विवाद बढ़ गया है। सपकाल ने कहा था- टीपू सुल्तान को शिवाजी महाराज के बराबर मानना चाहिए। वे एक योद्धा और भारत के भूमिपुत्र के रूप में उभरे। उन्होंने कभी भी जहरीली




सोच को नहीं अपनाया।

दरअसल, सपकाल 14 फरवरी को बुलढाणा में मालेगांव नगर निगम के डिप्टी मेयर निहाल अहमद के ऑफिस पर थे। वे टीपू सुल्तान की तस्वीर हटाने पर हुए विवाद के बारे में बोल रहे थे।

**भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया...** सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सपकाल के बयान को शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा- कांग्रेस नेता को खुद पर शर्म आनी चाहिए।

बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि महाराष्ट्र कांग्रेस प्रेसिडेंट का दिमाग खराब हो गया है, वह पागल हो गए हैं। उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी और सोनिया गांधी को उन्हें तुरंत हटा देना चाहिए।

## सुषमा स्वराज का वीडियो शेयर किया; राहुल गांधी की स्पीच से संसद में हंगामा हुआ था

# सदन चलाने विपक्ष के नेता का मैच्योर होना जरूरी: रिजिजू

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**केंद्रीय** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर स्वर्गीय बीजेपी नेता सुषमा स्वराज का पुराना वीडियों शेयर किया।

उन्होंने लिखा कि एक मैच्योर विपक्ष का नेता (एलओपी) सदन को आसानी से चलाने और पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी को बेहतर बनाने में बहुत काम आता है।

रिजिजू का यह बयान बजट सत्र के पहले चरण में हुए हंगामे के बाद आया। राहुल गांधी ने चीनी



टैंक की लद्दाख में घुसपैठ और पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब पर बयान देने की कोशिश की थी।

उन्होंने 'एपस्टीन फाइल्स' और इंडिया-यूएस ट्रेड डील जैसे मुद्दों को संसद में उठाने का प्रयास किया था, जिन्हें बीजेपी ने बेबुनियाद बताया था।

इसके बाद स्पीकर ने उन्हें रोका। जिसके बाद विपक्षी सांसदों सदन में हंगामा कर दिया था और सदन की कार्यवाही को बाधित किया था।

### रिजिजू ने सुषमा स्वराज की 2014 की स्पीच शेयर की

किरेन रिजिजू ने सुषमा स्वराज की 2014 की लोकसभा में दी गई स्पीच शेयर की, जिसमें वो कहती हैं कि- भारतीय लोकतंत्र के मूल में एक भाव है। वो भाव ये है कि हम एक दूसरे के विरोधी है मगर शत्रु नहीं, हम विरोध विचारधाराओं, नीतियों और कार्यक्रम का करते है। हम जो आलोचना करते हैं वो प्रखर आलोचना हैं। लेकिन प्रखर आलोचना भी भारतीय लोकतंत्र में एक दूसरे के व्यक्तिगत संबंधों में आड़े नहीं आती है। मुझे आडवाणी जी हमेशा निर्देश देते थे कि सदन की गरिमा के अनुरुप ही आचरण करना। और आज मैं यह स्वीकार करना चाहूंगी कि नेता प्रतिपक्ष के रुप में जो भूमिका मैं निभा सकी वो आदरणीय आडवाणी जी के कारण निभा सकी। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के खिलाफ विपक्ष के नो-कॉन्फिडेंस मोशन पर बहस और वोटिंग 9 मार्च को होनी है। किरेन रिजिजू ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी पार्टियां सेशन के पहले अपना विरोध जारी रखती हैं, तो यह उनके लिए नुकसानदायक होगा।

राष्ट्रबाण
सिवनी, सोमवार 16 फरवरी 2026

# शहडोल राष्ट्रबाण

● ब्यौहारी ● जयसिंघनगर ● सोहागपुर ● गोहपारु ● बुढार ● जैतपुर

# महाशिवरात्रि पर निकली भव्य बारात, गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

## श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के संगम में डूबा शहर, देर रात तक चला जलाभिषेक और पूजा-अर्चना का दौर

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in



जिलेभर में महाशिवरात्रि का पर्व इस वर्ष अभूतपूर्व उत्साह और आस्था के साथ मनाया गया। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही शहर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। हाथों में पूजन सामग्री और हर-हर महादेव के जयकारों के साथ भक्तों ने भगवान भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी, फूल-मालाओं और आकर्षक सजावट से सजाया गया था। दिनभर रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप और भजन-कीर्तन का सिलसिला चलता रहा।महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने व्रत रखकर श्रद्धा से पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर धार्मिक आयोजनों और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई।

### शाम होते ही निकली शिव बारात

महाशिवरात्रि की संध्या पर शहर का माहौल और भी उल्लासमय हो उठा। मुख्य मार्गों से भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें शिव-पार्वती, गणेश और अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। सजे-धजे रथों और बैंड-बाजों के साथ निकली इस बारात में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवा जमकर झूमते नजर आए। बारात के स्वागत में जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई। व्यापारी संगठनों और सामाजिक संस्थाओं ने जलपान एवं प्रसाद वितरण के स्टॉल लगाए। पूरा शहर देर रात तक भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

### जगह-जगह हुआ भंडारा, सेवा भाव की दिखी मिसाल

महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और मंदिरों के पास सामाजिक संगठनों, व्यापारी संघों और श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तों को खिचड़ी, फलाहार, मिठाई और शीतल पेय का वितरण किया गया। देर रात तक श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते रहे। सेवा कार्य में युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे सामाजिक एकता और सहयोग की भावना भी देखने को मिली।



### प्रशासन रहा मुस्तैद

पर्व को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात की विशेष व्यवस्था की गई थी। प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा और यातायात को सुव्यवस्थित किया गया। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए निगरानी रखी गई।महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर शहडोल पूरी तरह शिवमय नजर आया। श्रद्धा और उत्साह के संगम ने पर्व को यादगार बना दिया।

# जीएसटी टीम की सतत निगरानी पर सवाल

## बड़े कारोबारियों पर दबिश की खानापूर्ति, छोटे व्यापारियों को कथित अभयदान

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

शहर में जीएसटी और खाद्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों की माने तो विभाग की सतत निगरानी व्यवस्था प्रभावी साबित नहीं हो पा रही है। आरोप है कि बड़े कारोबारियों के यहां औपचारिक दबिश देकर कार्रवाई की खानापूर्ति की जाती है, जबकि छोटे व्यापारियों पर अपेक्षाकृत नरमी बरती जा रही है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

### बिना जीएसटी बिल के परोसा जा रहा खाना, उपभोक्ता पर पड़ रहा भार

शहर में संचालित कई होटलों पर ग्राहकों को विधिवत जीएसटी बिल न देने की शिकायतें सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि टैक्स इनवॉइस के स्थान पर सामान्य पर्ची थमा दी जाती है। इससे कर राशि शासन तक न पहुंचकर निजी हाथों में जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। व्यापारिक संगठनों का कहना है कि इसका सीधा आर्थिक प्रभाव आम जनता और निजी कंपनियों पर पड़ रहा है। शहर का एक चर्चित होटल इन दिनों विशेष चर्चा में है। पूर्व में यहां विवादित गतिविधियों को लेकर चर्चाएं होती रही हैं और अब दो कारोबारियों द्वारा संयुक्त संचालन की बात सामने आ रही है। आरोप है कि वैध कारोबार की आड़ में अवैध धन को वैध बनाने की कोशिश की जा रही है। कुछ बिलों को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिनमें जीएसटी का स्पष्ट उल्लेख न होने का दावा किया जा रहा है।



### प्रिंट रेट से अधिक पर थोक सप्लाई की चर्चा

सूत्रों की आने तो शहर के कुछ पान मसाला कारोबारी प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर थोक विक्रेताओं को माल उपलब्ध करा रहे हैं। जिसका प्रमाण हमारी टीम के पास उपलब्ध है लेकिन इस तरह का कारोबार करना कहीं न कहीं गैर कानूनी है, यदि यह तथ्य सही पाया जाता है तो यह उपभोक्ता अधिकारों और कर नियमों दोनों का उल्लंघन हो सकता है। जानकरों की माने तो किरण टॉकीज, एफसीआई रोड में एक बड़ी प्रसिद्ध एजेंसी, स्टेडियम रोड में स्थित एक एजेंसी की जांच की जाए तो जल्द एक संगठित कर चोरी के कारोबार का पर्दाफाश हो सकता है। इसको लेकर संबंधित विभाग से जांच की मांग उठ रही है।

### पारदर्शिता और जवाबदेही की प्रतीक्षा

इन तमाम आरोपों और चर्चाओं के बीच सबसे अधिक प्रभावित आम उपभोक्ता हो रहा है। न तो उसे पारदर्शी बिल मिल पा रहा है और न ही स्पष्ट जवाब। अब देखना यह होगा कि संबंधित विभाग इन आरोपों को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या निष्पक्ष जांच के जरिए सच्चाई सामने आती है।

# खनिज चोरी के विरुद्ध पुलिस की प्रभावी कार्यवाही, ट्रैक्टर मय रेत जप्त

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in



ब्यौहारी पुलिस बल कस्बा भ्रमण एवं अपराध की विवेचना हेतु रवाना था। इसी दौरान ग्राम खामडाड़ में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि खामडाड़ नदी से अवैध रूप से रेत उत्खनन कर एक सोनालिका ट्रैक्टर व हरे रंग की ट्रॉली सहित रेत लोड कर नदी पार करकरिहा टोला की ओर खड़ा है। सूचना पर तत्काल ब्यौहारी पुलिस दल द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। मौके पर बिना पंजीयन नंबर का सोनालिका ट्रैक्टर रेत से लोड अवस्था में खड़ा मिला। चालक से पूछताछ पर उसने अपना नाम राहुल उर्फ सोनू खैरवार पिता राजेन्द्र उर्फ राजन खैरवार, उम्र 30 वर्ष, निवासी खामडाड़ बताया। चालक से रेत परिवहन संबंधी वैध रायल्टी/टी.पी. एवं वाहन दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, जो मौके पर प्रस्तुत नहीं किए गए। पूछताछ में चालक द्वारा उक्त रेत खामडाड़ नदी से अवैध रूप से उत्खनन कर ट्रैक्टर मालिक हिमांशु सिंह उर्फ अजय सिंह निवासी सूखा के कहने पर परिवहन हेतु ले जाना स्वीकार किया गया। उक्त कृत्य प्रथम दृष्टया भारतीय न्याय संहिता, खनिज अधिनियम तथा मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने से ट्रैक्टर स्वामी एवं चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके बाद ब्यौहारी पुलिस द्वारा उक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली व उक्त में लोड अवैध रेत जप्त किया गया। जप्तशुदा सोनालिका ट्रैक्टर मय ट्रॉली को थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी ब्यौहारी निरी. जियाउल हक के नेतृत्व में उ.नि. सुरेश कुमार रैदास एवं आर. रामजी गौतम की सराहनीय भूमिका रही।

# वन कर्मियों से मारपीट व शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

वन विभाग के कर्मचारियों से मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में सोहागपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना सोहागपुर में इस संबंध में रामनरेश विश्वकर्मा, वन परिक्षेत्राधिकारी, पिता शिवप्रसाद विश्वकर्मा, उम्र 48 वर्ष, निवासी ग्राम फरहदा तहसील मऊगंज, थाना लौर, जिला मऊगंज, हाल निवासी गांधी चौक फॉरेस्ट कॉलोनी थाना कोतवाली जिला शहडोल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सोहागपुर में अपराध क्रमांक 58/26 अंतर्गत धारा 132, 296(ए), 127(1), 324(3), 3(5), 190, 191(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान दिनांक 14 फरवरी 2026 को पुलिस ने आरोपियों राजू सिंह उर्फ राकेश सिंह पिता रविनाथ सिंह उम्र 50 वर्ष, चिन्टू सिंह उर्फ जितेन्द्र सिंह पिता रामजी सिंह बघेल उम्र 34 वर्ष एवं बेटन सिंह उर्फ बृजेश सिंह पिता रविनाथ सिंह उम्र 54 वर्ष, तीनों निवासी ग्राम बड़खेरा, थाना सोहागपुर, जिला शहडोल को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय शहडोल के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। मामले में वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

# अवैध सट्टा खिलाने वाले गिरोह पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

जिले में अवैध जुआ-सट्टा गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना सोहागपुर पुलिस ने अवैध सट्टा खिलाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। माना जा रहा है कि इस कार्रवाई के पीछे दैनिक राष्ट्बाण में प्रकाशित खबर का बड़ा असर रहा। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सोहागपुर गढ़ी क्षेत्र में राजेश सोनी उर्फ पप्पू पिता दानीराम सोनी अपने घर के सामने रुपये-पैसों की हार-जीत की बाजी लगवाकर अवैध सट्टा पर्ची लिख रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने तत्काल दबिश दी। मौके पर आरोपी को सट्टा खिलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

### मौके से यह सामग्री जब्त

**खबर का असर**

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 17 नग सट्टा पर्ची, 2 नग कार्बन के टुकड़े, नगद 17 हजार आठ सौ दस रुपये, तीन डॉट पेन, 1 दफ्ती, 1 कैलकुलेटर तथा 1 सैमसंग कंपनी का चालू मोबाइल फोन जब्त किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी विनीत द्विवेदी उर्फ लालन द्विवेदी निवासी सोहागपुर हाल पता जरवाही के साथ मिलकर सट्टा संचालन कर रहा था। मोबाइल के माध्यम से सट्टा पर्चियों का हिसाब-किताब प्रतिदिन भेजा जाता था। पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की। दूसरे आरोपी विनीत द्विवेदी के कब्जे से एक रजिस्टर जिसमें सट्टा अंक दर्ज थे, एक कैलकुलेटर, दो डॉट पेन और एक वीवो कंपनी का मोबाइल जियो सिम सक्रिय जब्त किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह इतवारी मोहल्लानिवासी एक अन्य व्यक्ति के साथ साझेदारी में यह अवैध कारोबार चला रहा था। आरोपियों के विरुद्ध पब्लिक गैंबलिंग एक्ट एवं बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### सराहनीय भूमिका

थाना प्रभारी सोहागपुर निरीक्षक अरुण कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक संतोष कोल, प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र रावत, प्रधान आरक्षक राजकुमार जायसवाल, आरक्षक त्रिलोक सिंह, आरक्षक विवेक झारिया एवं महिला आरक्षक मेनका धूमकेती की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन पर पुलिस की कार्यवाही, अवैध रेत जप्त



शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

परीक्षा सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी हेतु रवाना पुलिस बल को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गोपालपुर सोन नदी क्षेत्र, जो सोन घड़ियाल प्रतिबंधित क्षेत्र के अंतर्गत आता है, से एक नीले रंग का स्वराज कंपनी का ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध रूप से रेत उत्खनन कर भरी हुई ट्रॉली के साथ बाहर निकल रहा है। सूचना पर देवलोंद पुलिस दल तत्काल गोपालपुर रेत उत्खनन घाट, सोन नदी पहुंचा। मौके पर पुलिस बल को देखकर ट्रैक्टर चालक विनय मिश्रा ने ट्रैक्टर को तेज गति से भगाने का प्रयास किया, जिससे रेत से भरी ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। उक्त घटना के बाद थाने से अतिरिक्त बल को सूचित कर एवं स्थानीय निवासी के सहयोग से पलटी हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीधा कराया गया, जिसके बाद उक्त नीले रंग की बिना नंबर की ट्रॉली, जिसमें लगभग आधी ट्रॉली रेत भरी हुई थी, जप्त किया गया। उक्त ट्रॉली को अन्य ट्रैक्टर इंजन से टोचन कर थाना परिसर लाकर सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। प्रकरण में ट्रैक्टर चालक विनय मिश्रा एवं वाहन स्वामी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, खनिज अधिनियम, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, भारतीय वन अधिनियम तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। देवलोंद पुलिस द्वारा फरार व्यक्ति की सतत् तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी देवलोंद उ.नि. सुभाष दुबे के नेतृत्व में उप निरीक्षक हरिभान सिंह परस्ते, सहायक उप निरीक्षक इंदलाल पुरी, प्र.धान आर. रेयाज खान, प्रधान आरक्षक दिनेश शुक्ला, आर. सतीष मिश्रा, आरक्षक सौरभ मिश्रा, आरक्षक राजबिहारी पटेल एवं आरक्षक शिवेष त्रिपाठी की सराहनीय भूमिका रही।

## बड़ी भीट तालाब में सार्वजनिक शौचालय एवं महिलाओं के लिए स्नानागार बनाने के दिए निर्देश

# सरफा डैम में छोटा पैदल पुल एवं जल परीक्षण प्रयोगशाला को शीघ्र कराए प्रारंभ

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in



मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा भंडारी ने नगर पालिका शहडोल अंतर्गत सरफा बांध एवं बड़ी भीट तालाब सहित नगर में प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सरफा बांध स्थित नवीन जल शोधन संयंत्र में छोटा पैदल पुल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने तथा जल परीक्षण प्रयोगशाला को यथाशीघ्र संचालित करने के साथ ही पंप गृह में खराब पड़ी जल मोटरों की मरम्मत कराकर नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने बड़ी भीट तालाब का निरीक्षण कर तालाब परिसर में सार्वजनिक शौचालय निर्माण एवं महिलाओं के लिए पृथक स्नानागार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही तालाब में प्रगतिरत निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु उपयंत्री को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री श्री एस.एस. तोमर, जल प्रदाय विभाग से श्री अनिल मिश्रा तथा नगर पालिका परिषद के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्राप्त हुए आवेदनों का किया गया निराकरण

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित हैं, लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु शासन द्वारा संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया गया है। अभियान का प्रथम चरण में 12 जनवरी से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में दल गठित कर जन सामान्य से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत अभी तक जिले में 18868 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 17631 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया हैं, निराकरण का प्रतिशत 93.44 है। जनपद पंचायत ब्यौहारी में 1512 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 1511 आवेदनों का निराकरण किया गया।, जनपद पंचायत सोहागपुर में 2877 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 2739 आवेदनों का निराकरण किया गया। जनपद पंचायत गोहपारू में 1608 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 1158 आवेदनों का निराकरण किया गया। जनपद पंचायत बुढ़ार में 1567 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 1562 आवेदनों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार नगरीय निकायों में नगरपालिका शहडोल में 2751 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 2458 आवेदनों का निराकरण किया गया। नगरपालिका धनपुरी में 2103 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 2052 आवेदनों का निराकरण किया गया। नगरपरिषद ब्यौहारी में 1163 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 1129 आवेदनों का निराकरण किया गया। नगरपरिषद बकहो में 928 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 928 आवेदनों का निराकरण किया गया। नगरपरिषद खांड में 197 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 178 आवेदनों का निराकरण किया गया।

राष्ट्रबाण
सिवनी, सोमवार 16 फरवरी 2026

बैतूल राष्ट्रबाण

• मुलताई • बैतूल बाजार • आमला • भैंसादंड • सारणी • बोरदई • आठनेर

# संस्कृति का प्रवाह और जीवन रेखा है ताप्ती: नदी मित्र ओम प्रकाश भारती

## ग्लोबल पब्लिक स्कूल में नदी संवाद कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in



नदी मित्र इकाई बैतूल द्वारा आदिम क्लचरल वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से स्थानीय ग्लोबल पब्लिक स्कूल में नदी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवाद कार्यक्रम में मध्य प्रदेश की नदियों के संरक्षण तथा पर गहन चर्चा हुई। मुख्य वक्ता नदी मित्र प्रो. ओम प्रकाश भारती ने कहा कि मध्य प्रदेश नदियों का मायका कहा जाता है, यहां चार सौ से अधिक छोटी बड़ी नदियां हैं, जिनमें सौ से अधिक सुख चुकी है और दो सौ नदियां अतिक्रमण और प्रदूषण को झेल रही है। ताप्ती, नर्मदा के बाद मध्यप्रदेश की दूसरी बड़ी नदी तथा बैतूल जिले की इस जीवनरेखा है। कई शहरों से गुजरने के कारण सीवेज और औद्योगिक कचरे का पानी ताप्ती में मिल रहा है।

आज यह नदी गंभीर पर्यावरणीय संकट का सामना कर रही है, जिसमें जल स्तर में कमी, प्रदूषण और जैव विविधता का ह्रास प्रमुख हैं। मध्यप्रदेश की गंगा कहे जाने वाली ताप्ती गंभीर प्रदूषण का सामना कर रही है। बरसात के दिनों को छोड़कर यह नदी कई स्थलों पर सूख जाती है। ताप्ती पारसडोह और चन्नीमन्नी बांधों के कारण निचले इलाकों में नदी का बहाव रुक जाता है, जिससे नदी सूख रही है या पानी बहुत कम हो जाता है। बैतूल जिले की तवा, सांपना , देनवा आदि नदियां अतिक्रमण और प्रदूषण को झेल रही है। धार्मिक और सांस्कृतिक महत्त्व की नदी क्षिप्रा का जल मानव उपयोगी नहीं रह गया है। शिप्रा की सहायक नदियां सूख रही हैं, जिससे इसका का प्रवाह सिकुड़ रहा है। नर्मदा की कई सहायक नदियां सूख चुकी है तथा इसका प्रवाह मार्ग सिकुड़ रहा है।अजनार, गाढ़ गंगा, काली सिंध, नेवज, पार्वती,धसान, केन, सिंध, कूनो, स्वर्ण, तमस आदि नदियां पूरी तरह सूख चुकी हैं। ये नदियाँ कृषि, पेयजल और उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण हैं, लेकिन औद्योगिक अपशिष्ट, अनुपचारित सीवेज, अवैध रेत खनन, अत्यधिक जल दोहन और वनों की कटाई जैसे कारणों से संकटग्रस्त हैं।

### नदियों की ज़मीन हड़पने वालों के विरुद्ध कठोर कानून बने

नदी मित्र भारती ने कहा छोटी नदियां अतिक्रमण के कारण लुप्त हो रही हैं। छोटी नदियों के प्रवाह क्षेत्र की अधिकांश ज़मीन किसान और रैयतों की है। उच्च मार्ग (हाइवे), रेलवे, उद्योग के लिए ज़मीन अधिग्रहण करने की नीति, योजना तथा अभ्यास है आपके पास, तो इन छोटी नदियों के लिए क्यों नहीं? छोटी नदियां बड़ी नदियों का आधार है। वे भी संस्कृति के प्रवाह हैं, जीवनदायिनी है। छोटे लोगों की उपेक्षा तो करते रहिए, मानव है संघर्ष उनकी नियति है। नदियां तो निर्जीव है, चल फिर तो सकती है, लेकिन कानूनी लड़ाई नहीं लड़ सकती, कोर्ट कचहरी नहीं जा सकती। उसके लिए लड़ना तो समाज को ही होगा। भारत में नदियों से संबंधित कानून मुख्य रूप से जल विवाद निपटान, प्रदूषण नियंत्रण, और संरक्षण पर केंद्रित हैं। अंतरराज्यीय नदी जल विवाद अधिनियम, 1956 और नदी बोर्ड अधिनियम, 1956 प्रमुख हैं, लेकिन उनकी प्रभावशीलता सीमित रही है। नदियों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए एक एकीकृत नदी अधिनियम की आवश्यकता महसूस की जा रही है। नदी मित्र ने सरकार, स्थानीय समुदायों और पर्यावरण संगठनों से मध्य प्रदेश की नदियों के संरक्षण के लिए समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया। नर्मदा, क्षिप्रा, बेतवा, चंबल, और कान्ह जैसी नदियों के संरक्षण के लिए तत्काल और ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। यदि समय रहते कार्य नहीं किया गया तो ये नदियां केवल इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह जाएगी। इसके लिए सरकार के साथ समाज को भी आगे आना होगा। कार्यक्रम का संयोजन स्थानीय रंगकर्मी अक्षत वरवडे ने तथा संयोजन आदिम क्लचरल वेलफेयर सोसाइटी, बैतूल ने किया। इस अवसर पर राहुल यादव, शशिपाल, सचिन खातरकर, साहिल खान, जय खातरकर, सत्येंद्रचौहान, कपिल खातरकर, केतांक, स्मिता वरवड़े, एकता वरवड़े, मोहेंद्र हुरमाड़े, कलीम ज़फ़र आदि उपस्थित थे।

### नदियों के संरक्षण के लिए दिए सुझाव

प्रो. भारती ने बताया कि खेतों में डाले जाने वाले रसायन बारिश के साथ नदियों में मिलकर जल को जहरीला बना रहे हैं। अनियमित मानसून और कम वर्षा के कारण नदियां गर्मियों में सूख रही हैं। बांधों ने नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बाधित किया है, जिससे जैव विविधता, विशेषकर मछलियाँ और जलीय जीव, खतरे में हैं। नदियों के संरक्षण के लिए प्रो. भारती ने प्रभावी उपाय सुझाए, जिनमें औद्योगिक और घरेलू अपशिष्ट के लिए उन्नत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना, अवैध रेत खनन पर सख्त कानूनी कार्रवाई, वर्षा जल संचयन, वनीकरण और टिकाऊ जल प्रबंधन नीतियों को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने स्थानीय समुदायों को नदी संरक्षण में शामिल करने और पर्यावरण शिक्षा के प्रसार पर जोर दिया। नदी मित्र ने मध्य प्रदेश की नदियों के सांस्कृतिक महत्व को संरक्षित करने के लिए एक विशेष संकल्प लिया। इसके तहत नदियों से जुड़े मिथक, कहानियाँ, गीत, ऐतिहासिक विवरण और मौखिक परंपराओं का संकलन किया जाएगा। नदियों के किनारे बसे समुदायों, तीर्थस्थलों, सांस्कृतिक स्थलों, पर्वों और अनुष्ठानों का अध्ययन होगा। भौगोलिक सूचना प्रणाली (त्रढ्ढस्) के माध्यम से नदियों का डेटाबेस, डिजिटल आर्काइव और संग्रहालय स्थापित करने की योजना है।

# 28 फ़रवरी को होंगे सतपुड़ा ठेकेदार संघ के चुनाव

राष्ट्रबाण सारनी| संवाददाता rashtrabaan.in



ठेकेदार संघ के चुनाव को लेकर सहमति नहीं बनने की वजह चुनावी प्रक्रिया टल गई है.अब 28 फरवरी को चुनाव संपन्न कराए जाने का निर्णय लिया गया है.वहीं ठेकेदारों के बीच खुलकर मनमुटाव की स्थिति नजर आई द्य सभी ठेकेदार नियम के तहत चुनाव कराने के पक्ष में थे लेकिन एक दावेदार नियमों को मानने को तैयार नहीं होने की वजह से मामला 28 फ़रवरी तक टल गया है. बताया जाता है कि शनिवार ठेकेदार संघ सारनी का चुनाव की तिथि तय हुई थी। शॉपिंग सेंटर एक होटल में करीबन 40 ठेकेदार उपस्थित हुए द्य सभी वरिष्ठ ठेकेदारों की मौजूदगी में पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया गया.कार्यकारिणी भंग होने के पश्चात मंचासीन संरक्षकों ने अपने -अपने विचार रखे.इसके बाद नए अध्यक्ष के गठन की प्रक्रिया पर चर्चा शुरु हुई द्य अध्यक्ष पद के लिए सात दावेदारों के नाम सामने आए जिसमे जगदीश आहूजा, नन्हे चंद्रवंशी, आर आर यादव, सन्नी एरुल, विजय पड़लक, नागेंद्र निगम, समीम रिजवी के नाम सामने आए द्य वरिष्ठ संरक्षकों ने साथो उम्मीदवारों को आपसी समन्यवय के तहत चर्चा करने की बात रखी.सातो उम्मीदवारों में से चार लोगों ने नागेंद्र निगम को सपोट करने का निर्णय लिया लेकिन दो ठेकेदारों के बीच समन्वय नहीं बनने के बाद नागेंद्र निगम द्वारा मंच में आकर चिल्ला चोट करते हुए इस संघ का रजिस्टेशन मेरे नाम का है और इस संघ के लिए में अपनी मर्जी का मालिक कुछ भी निर्णय ले सकता हूं जैसे शब्द बोले जाने से सभी ठेकेदारों में नाराजगी देखने देखने को मिली द्य उन्होंने अपनी नवीन कार्यकारिणी जल्द घोषित करने की मंच से घोषणा कर दी है.चुनाव के लिए संघ की सदस्य होना अनिवार्य किया गया है.गौरतलब रहे की यदि ठेकेदारों के बीच आपसी समन्वय नहीं बना तो 28 फरवरी को होने वाला चुनाव नए ठेकेदार संघ के बैनर तले हो सकता है द्य यदि ऐसा हुआ तो सतपुड़ा पावर प्लांट में दो संघ कार्य करते दिखाई दे सकते हैं। वहीं मच पर बैठे कुछ ठेकेदारों ने कहा की 40 साल से सतपुड़ा संघ कार्य कर रहा है,मर्यादा में रहकर ही शब्दों का चयन किया जाता रहा है ।

## महाशिवरात्री पर शिव गुफा मंदिर में हुआ विशाल भंडारा

**बैतूल।** महाशिवरात्री के पावन पर्व पर शिव गुफा मंदिर बैतूल बाजार रोड बडोरा में आदिशक्ति ग्रुप बैतूल द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जित किया। सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की लगातार आवाजाही बनी रही और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण छाया रहा। यह आयोजन पिछले लगभग 20 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। आदिशक्ति ग्रुप बैतूल द्वारा महाशिवरात्री के अवसर पर निरंतर सेवा भाव से भंडारा आयोजित किया जाता रहा है। इस वर्ष भी परंपरा को कायम रखते हुए विशाल स्तर पर प्रसादी वितरण किया गया।

## बड़केश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर सजा बाबा का दरबार, विशाल भंडारे में जुटे हजारों श्रद्धालु

राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सोनाघाटी क्षेत्र के राजा भोज मार्ग स्थित बड़केश्वर धाम शिव मंदिर में पूरा दिन भक्तिमय माहौल रहा। यहां प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान शिव के विशेष पूजन-अर्चन के साथ विशाल भंडारा प्रसादी का सफल आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष देवा पवार ने बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में सुबह 9 बजे मंदिर में भोले बाबा का विशेष अभिषेक किया गया। अभिषेक के पश्चात विधि-विधान से हवन अनुष्ठान संपन्न हुआ। इन धार्मिक कार्यक्रमों के समापन के बाद, दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा प्रसादी का शुभारंभ हुआ। बड़केश्वर धाम समिति के संरक्षक और विरासत समिति के जिलाध्यक्ष राजू अनुराग पवार के अनुसार, समिति द्वारा विगत 14 वर्षों से निरंतर शिवभक्तों के लिए इस भोजन प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है, और यह वर्ष भी उसी कड़ी का हिस्सा था। भंडारा प्रसादी का वितरण दोपहर से शुरू होकर देर शाम तक अनवरत जारी रहा। इस भव्य आयोजन में करीब आठ से दस हजार श्रद्धालुओं ने बड़केश्वर धाम पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किए और कतारबद्ध होकर प्रसादी ग्रहण की। बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति से पूरा धाम शिवमय नजर आया।

# गुदगत रोग शिविर में 580 मरीजों को मिला उपचार, 34 प्रमुख शल्य क्रियाएं हुई



राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in

जिला आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी, बैतूल में गुदगत रोगों के मरीजों के लिए आयोजित विशेष चिकित्सा शिविर का समापन 14 फरवरी को नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर की उपस्थिति में किया गया। यह शिविर जिला बैतूल कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सहयोग से आयोजित किया गया था। मरीजों का पंजीयन 26 दिसंबर से प्रारंभ हुआ तथा 5 फरवरी से विशेष शल्य शिविर का संचालन शुरू किया गया। शिविर में आयुर्वेदिक शल्य विशेषज्ञ डॉ. रवि चौकीकर ने बवासीर, फिस्टुला, भगंदर और फिशर जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीजों का सफल उपचार किया। महिला आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. वर्षा उईके एवं डॉ. प्रियंका कासदे द्वारा महिला रोगियों की शल्य क्रियाएं की गईं। शिविर के दौरान विभागीय कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण दिया गया। आयुष विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर में कुल 580 मरीजों का पंजीयन कर चिकित्सा की गई। इनमें 34 प्रमुख शल्य क्रियाएं एवं 134 अन्य अनुशस्त्र क्रियाएं की गईं। अनुभवी आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की विस्तृत जांच कर परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि शिविर का उद्देश्य बवासीर जैसी समस्याओं का जड़ से, अपेक्षाकृत कम दर्द वाले आयुर्वेदिक शल्य उपचार के माध्यम से समाधान करना था।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के विकास के दावों की कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने खोली पोल

## बोले कांग्रेस जिला अध्यक्ष – पच्चीस साल की सत्ता में किसका हुआ विकास यह भी बताएं प्रदेश अध्यक्ष

राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निलय डागा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के हालिया विकास दावों पर सीधा सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सबसे पहले यह आकलन होना चाहिए कि पच्चीस वर्षों की सत्ता में वास्तविक विकास किसका हुआ। उन्होंने कहा कि जनता को यह समझना होगा कि भाषणों में विकास और जमीन पर दिखता विकास, दोनों अलग-अलग तस्वीरें पेश कर रहे हैं। निलय डागा ने कहा कि चुनाव दर चुनाव दस हजार युवाओं को रोजगार देने जैसे बड़े वादे किए गए थे। उनका कहना है कि यदि इन दावों की तुलना वर्तमान स्थिति से की जाए तो यह मूल्यांकन जरूरी है कि रोजगार के अवसरों में वास्तविक वृद्धि कितनी हुई और स्थानीय युवाओं को कितना लाभ मिला। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिस अवधि में आपकी आर्थिक और संस्थागत स्थिति में उल्लेखनीय विस्तार दिखाई देता है, उसी अवधि में क्षेत्र के युवाओं की रोजगार स्थिति का भी समान रूप से विश्लेषण होना चाहिए, ताकि विकास की तस्वीर संतुलित रूप से सामने आ सके। निलय डागा ने कहा कि करोड़ों की लागत से निर्मित ताप्ती बैराज के हर वर्ष क्षतिग्रस्त होने और मरम्मत की खबरें सामने आती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि निर्माण गुणवत्ता के साथ हुआ होता तो बार-बार टूटने की नौबत क्यों आती। जनता यह जानना चाहती है कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद स्थायी समाधान क्यों नहीं मिला। उनके अनुसार यह परियोजना विकास से ज्यादा बदइंतजामी और संभावित भ्रष्टाचार की प्रतीक बनती जा रही है।

### आज भी भ्रष्टाचार की गवाही दे रहे माचना में लगे पोल

उन्होंने ताप्ती बैराज से पानी लाने के लिए माचना करबला का उदाहरण देते हुए कहा कि पाइपलाइन के लिए लगाए गए पोल बारिश में बह गए थे और आज भी वह तस्वीरें भ्रष्टाचार की गवाही देती हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा ने लाखापुर डेम का मुद्दा उठाते हुए कहा कि वर्षों पहले पाइपलाइन के माध्यम से शहर तक पानी लाने की बात कही गई थी, लेकिन आज तक यह सपना साकार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यदि योजनाएं स्वीकृत हुई थीं तो फिर धरातल पर उनका परिणाम क्यों नहीं दिख रहा। जनता को यह बताया जाना चाहिए कि परियोजनाओं पर कितना खर्च हुआ और क्या हासिल हुआ।

### पच्चीस साल का तुलनात्मक आकलन भी बताएं प्रदेश अध्यक्ष

निलय डागा ने कहा कि जनता को यह बताया जाना चाहिए कि पच्चीस वर्ष पहले क्षेत्र की स्थिति क्या थी और आज क्या है। यह भी बताना चाहिए कि जनप्रतिनिधि का विकास कितना हुआ और क्षेत्र का विकास कितना हुआ। पच्चीस वर्ष पहले क्षेत्र की स्थिति क्या थी और आज क्या है, इसका सार्वजनिक आकलन होना चाहिए।

### स्टेडियम, रिंग रोड और मेडिकल कॉलेज पर सवाल

कोठी बाजार स्टेडियम को वर्ल्ड क्लास बनाने की घोषणा का उल्लेख करते हुए निलय डागा ने कहा कि आज भी स्टेडियम अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। रिंग रोड के भूमि पूजन और स्वीकृति के दावों पर उन्होंने कहा कि आज तक स्पष्ट स्वीकृति और कार्य प्रगति का कोई ठोस प्रमाण सामने नहीं आया। उन्होंने सरकारी मेडिकल कॉलेज के वादे को भी मुद्दा बनाते हुए कहा कि सरकारी संस्थान के बजाय निजी मेडिकल कॉलेज खोलकर जनता पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। निलय डागा ने स्पष्ट कहा कि जनता अब तुलना करेगी, विश्लेषण करेगी और तय करेगी कि विकास के दावों में कितना दम है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सवाल पूछना अपराध नहीं, अधिकार है, और कांग्रेस जनता की आवाज बनकर यह सवाल उठाती रहेगी।

# शिवरात्रि पर सोनाघाटी शिव मंदिर में 151 किलो चने व 61 किलो घी के हलवे की प्रसादी वितरित

राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सोनाघाटी स्थित शिव मंदिर में आयोजित होने वाला भंडारा इस वर्ष अपने 25वें वर्ष में पहुंच गया। यह भंडारा स्व. विश्राम सिंह मवासे की प्रेरणा से प्रारंभ हुआ था, जो अब रजत जयंती वर्ष के रूप में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत कन्या पूजन के साथ की गई, जिसके बाद शिवालय सोना गैस एजेंसी के संचालक महेंद्र सिंह मवासे एवं देवेंद्र मवासे ने भंडारे का शुभारंभ किया।

भंडारे में 151 किलो चने तथा 61 किलो शुद्ध घी से तैयार हलवे की प्रसादी श्रद्धालुओं को वितरित की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष भंडारे का स्वरूप और भी विस्तृत होता जा रहा है और श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पिछले लगभग 25 वर्षों से यह सेवा कार्य निरंतर जारी है। इस पुण्य कार्य में शिवालय सोना गैस सर्विस के समस्त कर्मचारी भरपूर सहयोग देते हुए सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं, जिससे आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है।

# शिक्षक बने हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर

राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in



आयुष्मान भारत के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम का द्वितीय चरण प्रशिक्षण जैन दादावाड़ी में संपन्न हुआ। हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में बेहतर परिणाम मिलने के बाद अब इसे माध्यमिक शालाओं में भी संचालित किया जाएगा, ताकि किशोर विद्यार्थी जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बन सकें। जिले के शिक्षकों को हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर (आरोग्यदूत) के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिससे स्कूलों में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन कौशल शिक्षा, स्वस्थ व्यवहार, व्यक्तिगत स्वच्छता, एनीमिया जांच, दंत रोगों की रोकथाम, आंखों का समय पर उपचार, एफ ए गोलियों के सेवन के लिए प्रोत्साहन, तंबाकू मुक्त शाला, नशामुक्ति जागरूकता, किशोरियों में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल उपलब्धता तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत प्रत्येक छात्र की हेल्थ आईडी बनाकर डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड तैयार करना है।

समापन समारोह में सिविल सर्जन डॉक्टर जगदीश घोरे, कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉक्टर राजेश परिहार, स्टेट रिसोर्स पर्सन नीलेश सिंधे, अकाउंट ऑफिसर सोनी जी, डाइट से रितेश पठाडे, मास्टर्स ट्रेनर्स शैलेंद्र बिहारिया, ओमप्रकाश साहू, अरुणा साहू, ज्ञानदेव साहूकार, जिला परियोजना समन्वयक योगेंद्र दवनडे, उमंग परामर्शदाता शिल्पा वर्मा और जन मंगल संस्थान से कपिल चौरसिया उपस्थित रहे। बेहतर प्रस्तुति देने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

## शिवरात्रि पर चित्रकूट से संत शिव दयाल दास ने किया न्याय और सत्य के लिए आंदोलन का आह्वान

# आजाद हिन्द का झंडा फहराकर न्याय के संकल्प का ऐलान

राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in






शिवरात्रि के पावन अवसर पर चित्रकूट में सत्य मेव जयते पीठ पहाड़ी पर भूमि पूजन कर आजाद हिन्द का झंडा फहराया गया। इस अवसर पर शिव दयाल दास चित्रकूट निवासी रीवा ने संतों के सान्निध्य में विधिवत पूजन-अर्चन किया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आज देश में न्यायालयों और शासकीय कार्यालयों में सत्य मेव जयते लिखा तो जाता है, लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि व्यवस्था में धन, रिश्वत, धोखाधड़ी और लालच हावी है तथा सत्य मेव जयते का उपयोग केवल स्वार्थ के लिए किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि चित्रकूट की पावन धरती से सत्य मेव जयते पीठ के माध्यम से भारतीयों को न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा और सत्य को यथार्थ रूप में चरितार्थ किया जाएगा। इस पीठ पर आने वाले परेशान और दुखी लोगों को सहयोग प्रदान कर न्याय दिलाने तथा आदेशों का पालन करवाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में पवन भारतीय रास बिहारी बोस क्रांति सेना प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, एवं संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस न्याय मंच भारतवर्ष, आजाद हिन्द फौज ब्रिगेडियर बैतूल मध्य प्रदेश तथा चंद्रपाल सिंह नई बस्ती आरोग्य धाम, सेमरवार पहाड़ी हनुमान धारा रोड बाईपास चित्रकूट सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि इसी तर्ज पर देश की अन्य पहाड़ियों पर भी सत्य मेव जयते पीठ स्थापित किए जाएंगे, ताकि भारतीयों को न्याय दिलाने की प्रक्रिया को मजबूत किया जा सके। इससे सत्य मेव जयते पीठ के संचालकों और पीड़ितों को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# सिवनी राष्ट्रबाण

• बरघाट • छपारा • धनोरा • घंसौर • केवलारी • कुरई • लखनादौन • सिवनी ग्रामीण


### बींझावाड़ा में 'पहले निर्माण, बाद में स्वीकृति'! सत्ताधारी संरक्षण प्राप्त ठेकेदार पर मनमानी के आरोप

# शिव पर किसकी कृपा?

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**ग्राम** पंचायत बींझावाड़ा में इन दिनों एक बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि सत्ताधारी संरक्षण प्राप्त बताए जा रहे ठेकेदार शिव कुमार शिवहरे ने बिना स्पष्ट स्वीकृति और तकनीकी अनुमोदन के ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया। हैरानी की बात यह है कि संबंधित विभागों के पास इस कार्य की न तो स्पष्ट योजना की जानकारी है और न ही स्वीकृत लागत का विवरण। ऐसे में 'पहले निर्माण, बाद में स्वीकृति' की कार्यशैली पूरे मामले को संदेह के घेरे में ला रही है।

### ठेकेदारी प्रथा पर सवाल, फिर भी 'जलवा' कायम

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायतों में औपचारिक रूप से ठेकेदारी प्रथा लागू नहीं होती, लेकिन बींझावाड़ा में शिवकुमार शिवहरे का प्रभाव खुलकर दिखाई दे रहा है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि पंचायत के कार्यों में उनकी पकड़ इतनी मजबूत है कि स्वीकृति की प्रक्रिया बाद में होती है और निर्माण कार्य पहले शुरू हो जाता है। ताजा मामला ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग, कार्यपालन यंत्री कार्यालय परिसर में बन रही बाउंड्रीवॉल का है। निर्माण स्थल पर मजदूर खुलेआम ठेकेदार का नाम ले रहे हैं, जबकि आधिकारिक स्तर पर कार्य की स्थिति को लेकर स्पष्टता नहीं है।

ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग के कार्यपालन यंत्री उपेंद्र मिश्रा ने बताया कि बाउंड्रीवॉल निर्माण की एजेंसी ग्राम पंचायत है। हालांकि, जब योजना की स्वीकृति, तकनीकी अनुमोदन और लागत के संबंध में जानकारी चाही गई तो विभाग के पास कोई जवाब उपलब्ध नहीं था।

यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब निर्माण कार्य की तकनीकी स्वीकृति और अनुमानित लागत (स्टीमेट) तक विभागीय रिकॉर्ड में दर्ज नहीं बताई जा रही। सरकारी निर्माण कार्यों में पहले प्रशासनिक स्वीकृति, फिर तकनीकी अनुमोदन और उसके बाद कार्य प्रारंभ करने की स्पष्ट प्रक्रिया होती है। लेकिन बींझावाड़ा में यह क्रम उलटता नजर आ रहा है।



ग्रामीण यंत्रकीय विभाग का वह निर्माण कार्य जिसकी जानकारी किसी के पास नहीं।

### सरपंच भी नहीं दे सके योजना की जानकारी


योगेश कुमार उईके, सरपंच : अभी हमारे पास कोई जानकारी नहीं।



उपेंद्र मिश्रा, कार्यपालन यंत्री आरईएस : कमीशन ने बनाया अंधा, चंगा चल रहा धंधा?


शिवकुमार शिवहरे, ठेकेदार : सत्ता का संरक्षण, कौन रोकेगा काम ?

जब इस संबंध में बींझावाड़ा के सरपंच योगेश कुमार उईके से निर्माण कार्य की योजना और लागत के बारे में जानकारी मांगी गई, तो वे यह स्पष्ट नहीं कर सके कि यह कार्य किस योजना के अंतर्गत स्वीकृत है और इसकी कुल लागत कितनी है। यह तथ्य अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। यदि एजेंसी ग्राम पंचायत है, तो सरपंच और सचिव को योजना, बजट और स्वीकृति की जानकारी होना अनिवार्य है। लेकिन जब पंचायत प्रमुख ही अनभिज्ञ नजर आएं, तो यह मामला और अधिक संदिग्ध हो जाता है।

### स्वीकृति शेष, फिर भी निर्माण जारी

स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि संबंधित निर्माण कार्य की स्वीकृति अभी लंबित है, इसके बावजूद ठेकेदार की मनमानी के चलते कार्य शुरू कर दिया गया है। यह भी कहा जा रहा है कि तकनीकी स्वीकृति और लागत का अनुमान विभागीय स्तर पर अभी तैयार ही नहीं हुआ है। यदि यह आरोप सही हैं, तो यह न केवल नियमों की अनदेखी है बल्कि शासकीय धन के दुरुपयोग की आशंका को भी जन्म देता है। बिना स्वीकृति और स्टीमेट के निर्माण कार्य शुरू होना संभावित कमीशनखोरी और मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

### जिम्मेदार बने 'धृतराष्ट्र'?

इतने बड़े निर्माण कार्य में अनियमितता के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी आंखों पर पट्टी बांधे बैठे हैं। प्रशासनिक चुप्पी पूरे मामले को और गंभीर बना रही है। सवाल यह भी उठता है कि यदि कार्य अवैध रूप से शुरू हुआ है, तो अब तक उसे रोका क्यों नहीं गया? आखिर विभाग के मुखिया उपेंद्र मिश्रा मौन क्यों है क्या कमीशन की मलाई ने उनकी जुबान और कलम पर रोक लगा दी है। सरकारी निर्माण में पारदर्शिता और जवाबदेही अनिवार्य मानी जाती है। प्रत्येक कार्य स्थल पर योजना का नाम, लागत, स्वीकृति क्रमांक और एजेंसी का विवरण प्रदर्शित किया जाना चाहिए। लेकिन बींझावाड़ा में ऐसी कोई स्पष्ट सूचना उपलब्ध नहीं है। और विभागीय जिम्मेदार सिर्फ कमीशन की लोरी सुन कर कुंभकर्णी नींद पर सोय हुए है।

## रेडियो किसान दिवस पर धपेरा में विशेष कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### कृषि जागरूकता पर दिया गया जोर




राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**कृषि** के प्रचार-प्रसार में रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए आकाशवाणी बालाघाट (प्रसार भारती) द्वारा रेडियो किसान दिवस के अवसर पर ग्राम धपेरा (मोहगांव) में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, बैंक प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे, उपसंचालक कृषि फूल सिंह मालवीय, सहायक संचालक कृषि राजेश खोबरागड़े, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम समन्वयक एस.आर. धूवारे, वैज्ञानिक रमेश अमूले (राजा भोज कृषि महाविद्यालय), डॉ. बावसकर दत्ता (केंद्रीय रेशम बोर्ड), सहायक यांत्रिक कृषि अभियांत्रिकी मुकेश कुलस्ते, एलडीएम संजीव कुमार, सहायक निदेशक आकाशवाणी कुंवर विक्रम सिंह, कार्यक्रम अधिकारी धीरज कुमार, सरपंच प्रतिनिधि साधुराम कवाचे एवं प्रगतिशील कृषकों की उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी धीरज कुमार ने रेडियो किसान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेडियो आज भी जनसंचार का सबसे सशक्त एवं विश्वसनीय माध्यम है, जो ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक त्वरित और सटीक जानकारी पहुंचाता है। प्राकृतिक आपदाओं, कृषि सलाह, स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा के क्षेत्र में रेडियो की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

सहायक निदेशक कुंवर विक्रम सिंह ने कहा कि आकाशवाणी बालाघाट द्वारा किसानों के अनुभव, कृषि तकनीक और योजनाओं की जानकारी 'किसानवाणी' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से श्रोताओं तक पहुंचाई जा रही है। डिजिटल युग में भी एफएम, सामुदायिक रेडियो और ऑनलाइन स्ट्रीमिंग के माध्यम से रेडियो की पहुंच निरंतर बढ़ रही है।

मुख्य अतिथि लोकेश लिल्हारे ने कहा कि रेडियो का महत्व पहले भी था और आज भी है। कृषि में नई तकनीकों की जानकारी किसानों तक पहुंचाने में आकाशवाणी की अहम भूमिका है। उन्होंने किसानों से अपील की कि प्रसारित कार्यक्रमों से जुड़कर आधुनिक खेती अपनाएं।

## सृजन' अभियान के तहत तीन दिवसीय कराटे प्रशिक्षण, 250 छात्राओं ने सीखा आत्मरक्षा का हुनर

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**महिलाओं** और बालिकाओं की सुरक्षा तथा आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिले में चलाए जा रहे 'सृजन' अभियान के अंतर्गत माता शबरी आवासीय शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, सिवनी में तीन दिवसीय कराटे (सेल्फ डिफेंस) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। दिनांक 12 फरवरी 2026 से 14 फरवरी 2026 तक आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में लगभग 250 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास किया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के कुशल मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को शारीरिक रूप से सक्षम बनाने के साथ-साथ मानसिक रूप से सशक्त करना था, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में स्वयं की सुरक्षा कर सकें और आत्मविश्वास के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें।

**सेफ्टी एवं अवेयरनेस गतिविधियों से मिली महत्वपूर्ण जानकारी**

कराटे प्रशिक्षण के साथ-साथ छात्राओं को सुरक्षा एवं जागरूकता से जुड़ी अनेक गतिविधियों में भी शामिल किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1098 और 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही 'MP e-cop' ऐप के उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई, जिससे वे किसी भी आपात परिस्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें।

पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को साइबर अपराध, बाल सुरक्षा, महिला उत्पीड़न एवं छेड़छाड़ जैसी घटनाओं से बचाव के उपाय भी बताए। छात्राओं को यह समझाया गया कि किसी भी प्रकार की असुरक्षा या संदेह की स्थिति में तुरंत संबंधित हेल्पलाइन या नजदीकी पुलिस थाना से संपर्क करना चाहिए।




### आत्मरक्षा के गुरों से बढ़ा आत्मविश्वास

प्रशिक्षण के दौरान कराटे प्रशिक्षक ओमकार कश्यप एवं उनकी टीम ने छात्राओं को आत्मरक्षा तकनीकों का अभ्यास कराया। छात्राओं को सिखाया गया कि किस प्रकार अचानक होने वाली किसी भी घटना में सतर्कता और साहस के साथ अपनी सुरक्षा की जा सकती है। प्रशिक्षण में हाथ-पैरों के वार, पकड़ से छूटने की तकनीक, संतुलन बनाए रखने के तरीके और मानसिक एकाग्रता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे, सूबेदार जितेंद्र रावतकर तथा संस्था की अधीक्षिका की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आत्मरक्षा का ज्ञान केवल शारीरिक सुरक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मविश्वास की नींव है।

### • सामाजिक संगठनों का मिला सहयोग

इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य महोदय एवं छात्रावास अधीक्षिका का सक्रिय योगदान रहा। मार्गिक फाउंडेशन से शिवानी एवं अनुराधा तथा मातृशक्ति संगठन से कृति एवं मधुरिमा ने विशेष सहयोग प्रदान किया। सभी ने मिलकर छात्राओं के सर्वांगीण विकास और सुरक्षा के इस प्रयास को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### • बेटियां बनें सशक्त और बहादुर

'सृजन' अभियान का मूल उद्देश्य समाज में बेटियों को सुरक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना है। इस प्रशिक्षण शिविर ने न केवल छात्राओं को आत्मरक्षा की तकनीक सिखाई, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास और साहस का संचार भी किया। तीन दिनों तक चले इस कार्यक्रम में छात्राओं का उत्साह देखते ही बनता था। समापन अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि ऐसी पहलें भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगी, ताकि जिले की प्रत्येक बेटी स्वयं को सुरक्षित और सक्षम महसूस कर सके।

## सिवनी में महाशिवरात्रि पर निकाली शिव बारात :मठ मंदिर में शिव-पार्वती का विवाह

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in



**सिवनी** में महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शहर के प्राचीन मठ मंदिर सहित कई शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर शिव बारात निकाली गई और शिव-पार्वती का प्रतीकात्मक विवाह संपन्न हुआ।

महादेव मंदिर में शिवरात्रि महोत्सव के दौरान भगवान शिव-गौरा को छप्पन भोग अर्पित किया गया और उनका श्रृंगार किया गया। मठ मंदिर में तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ विघ्नहर्ता गणेश जी की पूजा के साथ हुआ था। एशिया के सबसे बड़े स्फटिक शिवलिंग का विशेष पूजन और फूलों से श्रृंगार किया गया। यह मंदिर सुबह 4 बजे से देर रात तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहा, जहां 'ज़ नमः शिवाय' के जाप के साथ पूजा-अर्चना की गई।

शहर के मठ मंदिर और शंकर मढ़िया सहित कई क्षेत्रों से शिव बारातें निकाली गईं। इन बारात में भक्त पारंपरिक नृत्य करते हुए शामिल हुए। धनोरा सिद्ध पीठ शिव मंदिर में रुद्राभिषेक और भगवान का श्रृंगार किया गया।

श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप और विशेष पूजन-अर्चन किया। कई श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान भोलेनाथ की आराधना की। मंदिरों को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है, जिससे पूरे नगर में उत्सव जैसा वातावरण बना हुआ है।

## बाइक बेरीकेट से टकराई, चालक के सिर पर चोट

### राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल, डॉक्टर नहीं मिलने पर सिवनी रेफर किया

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**सिवनी** जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बेरीकेट से टकरा गई। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।


जानकारी के अनुसार, मोहन राजपूत (40) नामक युवक अपनी बाइक से भोमा से कान्हीवाड़ा की ओर आ रहा था। कान्हीवाड़ा के पास पहुंचते ही उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और बेरीकेट से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक सड़क पर गिर पड़ा और उसे सिर, हाथ, पैर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई।

**अस्पताल में डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी नहीं मिले**

घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तुरंत कान्हीवाड़ा अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, वहां डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित मिले, जिससे लोगों में नाराजगी देखी गई।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433